# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 02.09.2026 (दोपहर–1310 बजे)

## मुख्य समाचार

1. विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा ने कहा–भारत में वर्तमान 7 से 8 प्रतिशत की वृद्धि दर से आगे बढ़ने की क्षमता, नवीनतम विकास आंकड़े दर्शा रहें अर्थव्यवथा की मजबूती।
2. मतदाता पंजीकरण और मतदाता सूची पर रांची में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन, देश–विदेश के विशेषज्ञ, शिक्षाविद् और शोधार्थी शामिल।
3. पूर्वी सिंहभूम के डुमरिया को स्वास्थ्य के क्षेत्र में बड़ी सौगात, स्वास्थ्य मंत्री ने 30 बेड वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया उद्घाटन।
4. जमशेदपुर में आकाशवाणी का 37वां स्थापना दिवस मनाया गया, 'जोहार' कार्यक्रम में पूर्व कर्मचारियों को किया गया सम्मानित ,सभी ने साझा की पुरानी यादें।

और

5. अगले कुछ घंटों में रामगढ़, बोकारो, चतरा समेत कई जिलों में बारिश का पूर्वानुमान,नदियों का बढ़ा जलस्तर, निचले इलाकों में बढ़ाई गई निगरानी ।

**********************

विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा ने कहा है कि भारत में वर्तमान 7 से 8 प्रतिशत की वृद्धि दर से आगे बढ़ने की क्षमता है। श्री बंगा ने वैश्विक ऊर्जा दबाव, व्यापार अनिश्चितता और अल नीनो के प्रभाव के बावजूद देश के मौजूदा आर्थिक प्रदर्शन को मजबूत बताया। अमरीका के ऐशविल में जी–20 वित्त मंत्रियों की बैठक के दौरान एक साक्षात्कार में श्री बंगा ने कहा कि नवीनतम विकास आंकड़े भारत की अर्थव्यवस्था की मौजूदा मजबूती को दर्शाते हैं। श्री बंगा ने कहा कि भारत सड़कों, पुलों, हवाई अड्डों, बिजली, जल और डिजिटलीकरण पर महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है।

**********************

मतदाता पंजीकरण एवं मतदाता पंजी विषय पर रांची के नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडी एंड रिसर्च इन लॉ में आज दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन की शुरुआत हुई। सम्मेलन में नामचीन शिक्षाविद, चुनाव प्रबंधन विशेषज्ञ, विभिन्न विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधि और निर्वाचन संबंधी मास्टर ट्रेनर हिस्सा ले रहे हैं । इस दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में 15 सत्र होंगे जिसमें 58 रिसर्च पेपर पर चर्चा होगी।

**********************

पूर्वी सिंहभूम के डुमरिया प्रखंड में करीब 10 करोड़ रुपये की लागत से तैयार 30 बेड वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का शुभारंभ किया गया। भालुकपातड़ा मौजा में बने इस अस्पताल का उद्घाटन स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने के लिए लगातार काम कर रही है।

**********************

झारखंड की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने प्रोजेक्ट भवन में कल झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी और पलाश ब्रांड के कार्यों की समीक्षा की। इसमें महिला स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने और पलाश को मजबूत ब्रांड के रूप में विकसित करने पर विशेष जोर दिया गया। उन्होंने पलाश को एक सशक्त, विश्वसनीय और बाजार में पहचान रखने वाले ब्रांड के रूप में स्थापित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने पर जोर दिया।

**********************

लातेहार जिले के नेतरहाट की नाशपाती अब स्थानीय बाजारों से निकलकर देश के बड़े और संगठित बाजारों तक पहुंच रही है। जेएसएलपीएस के एसईटीयू सेल की पहल से महिला किसान उत्पादक संगठनों को बड़े खरीदारों से जोड़ा जा रहा है, जिसके तहत अब तक करीब 5 मीट्रिक टन नाशपाती भेजी जा चुकी है और 10

मीट्रिक टन की एक और खेप गुवाहाटी भेजने की तैयारी है। इस प्रक्रिया में उपज की ग्रेडिंग, छंटाई, क्वालिटी जांच और आधुनिक पैकेजिंग के बाद प्रीमियम बाजारों तक आपूर्ति की जा रही है।

**********************

केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने भारतीय रक्षा सेवाओं में पहली महिला गैर–चिकित्सा अधिकारी के रूप में दो सितारा रैंक प्राप्त करने पर एयर वाइस मार्शल शक्ति शर्मा को शुभकामनाएँ दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने लिखा है कि नारी शक्ति और भारतीय सशस्त्र सेनाओं के लिए यह ऐतिहासिक गौरव का क्षण है। असिस्टेंट चीफ ऑफ एयर स्टाफ एजुकेशन की जिम्मेदारी संभालकर उन्होंने देश की बेटियों के लिए प्रेरणा का नया दीप जलाया है, जो हमारी बेटियों को उनके भविष्य की रोशनी दिखाएगा।

**********************

जमशेदपुर में आकाशवाणी का 37वां स्थापना दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर आकाशवाणी क्लब की ओर से 'जोहार' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यक्रम प्रमुख राजेश कुमार राय ने कहा कि सभी ने आकाशवाणी से जुड़े अपने अनुभव और पुरानी यादें साझा कीं।

**********************

राजधानी रांची के कई सरकारी जगहों में बने अवैध मकानों और अन्य निर्माणों को हटाकर अतिक्रमण मुक्त किया जाएगा।.मेयर रोशनी खलखो ने कहा कि सड़क चौड़ीकरण के साथ प्रभावित परिवारों के पुनर्वास का भी पूरा ध्यान रखा जाएगा।

**********************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 43 हजार 700 रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत दो लाख 44 हजार रूपये प्रति किलो है।

**********************

घरेलू शेयर बाजार के संवेदी सूचकांक में आज लगभग एक प्रतिशत की कमी देखी गई। सेंसेक्स 548 अंक गिरकर 76 हजार 396 पर, जबकि निफ्टी 203 अंक गिरकर 23 हजार 852 पर पहुंच गया।

**********************

सरायकेला–खरसावां जिले में लगातार बारिश के बाद उफनाई खरकाई नदी का जलस्तर अब धीरे–धीरे घटने लगा है, हालांकि नदी अभी भी खतरे के निशान से काफी ऊपर बह रही है। जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार ने बताया कि नदी का जलस्तर फिलहाल डाउनफॉल में है, जिससे राहत की उम्मीद जगी है। इधर, गाजिया बराज के 15 गेट अभी भी खुले हुए हैं।

इधर कोडरमा जिले में पिछले चार दिनों से हो रही लगातार बारिश से कई इलाकों में जल जमावों की स्थिति उत्पन्न हो गई है। तिलैया डैम, पंचखेरो डैम समेत सतगावां के सकरी नदी और चंदवारा के गौरी नदी में जलस्तर काफी बढ़ गया है। पलामू जिले का ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता।

**********************

मौसम विभाग ने तत्कालीन चेतावनी जारी करते हुए बोकारो, चतरा, देवघर और रामगढ़ समेत कई जिलों में एक से तीन घंटे में हल्के से मध्यम दर्जे की मेघ गर्जन तथा वज्रपात के साथ वर्षा की संभावना व्यक्त की है। साथ ही कुछ स्थानों पर तेज हवा भी चल सकती है

**********************

खूंटी के डूमरदगा गांव निवासी और नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय केछात्र सुधीर सांगा का चयन भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) हजारीबाग के लिए हुआ है। सुधीर ने वर्ष 2025 में आंध्रप्रदेश में आयोजित अंडर–13 राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता था।

*********समाप्त**************